रोल नं0.
Roll N0. | | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या
**N0 . of printed pages:**

समय 3 घण्टे

**Time : 3 Hours**

प्रतिदर्श प्रश्न – पत्र
इतिहास
2025–2026

निदेश : **(i)** इस प्रश्न पत्र में कुल 25 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
**Directions : There are in all 25 question in this question paper. All question are Compulsory.**

**(ii)** प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।
**Marks allotted to the question are mentioned against them.**

**(iii)** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
**Read each question carefully and answer to the point.**

**(iv)** प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये है। सही उत्तर अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न सं0 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न/अन्य प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्न है।
**Question No. 1 is multiple choice question .Four option are given in answer of each part of this question . Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type/other types Objective questions.**

**(v)** प्रश्न संख्या 8 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 8 to 11 are to be answered in about 50 words each.**

**(vi)** प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 12 to 18 are to be answered in about 125 words each.**

**(vii)** प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
**Question No. 19 to 23 are to be answered in about 250 words each.**

**(viii)** प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
**Question No. 24 is case/Source based question , to be answered as directed.**

**(ix)** प्रश्न संख्या 25 से संबंधित मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
**Attach the map related to question No 25 in your answer-book.**

**(x)** इस प्रश्न –पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नही है, तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए ।
**There is no overall choice in the question paper, however , an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.**

1– (i) हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण क्या है ? 1

अ – 2600 ई0पू0 – 1900 ई0पू0
ब – 2800 ई0पू0 – 1700 ई0पू0
स – 2600 ई0 – 1900 ई0
द – 2800 ई0 – 1700 ई0

What is the periodization of Harappa civilization ?
A . 2600 B.C - 1900 B.C
B . 2800 B.C – 1700 B.C
C . 2600 A.D - 1900 A. D
D . 2800 A.D - 1700 A.D

II – गंधार कला शैली किन दो कलाओं का संयोजन है ? 1

अ – भारतीय और फारसी
ब – भारतीय और यूनानी
स – भारतीय और चीनी
द – भारतीय और इस्लामी

Gandhara art style is a Combination of Which two arts ?
A . Indian and persion
B . Indian and greek
C . Indian and chinese
D . Indian and Islamic

III – भारत में लौह युग का आरम्भ मुख्य रुप से किस काल से जोड़ा जाता है ? 1

अ – सिंधु धाटी सभ्यता
ब – उत्तर वैदिक काल
स – मोर्य काल
द – गुप्त काल

The beginning of the iron age in India is mainly associated with which period?
A . Indus valley civilization
B . Later Vedic period
C . Maurya period
D . Gupta period

IV – भक्ति आन्दोलन के संत रामानन्द के शिष्य कौन थे ? 1

अ – चैतन्य महाप्रभु
ब – कबीर
स – नामदेव
द – गुरु नानक

Who was the disciple of the bhakti Movement saint Ramanad?
A . Chaitanya Mahaprabhu
B . kabir
C . Namdev
D . Guru nanak

V – मनसबदारी प्रणाली किसने शुरु की थी ? 1

अ – शाहजहॉ
ब – जहॉगीर
स – अकबर
द – औरंगजेब

Who Introduced the Mansabdari System ?

A . Shah jhaan
B . Jahangir
C . Akbar
D . Aurangzeb

VI – बंगाल का विभाजन किस वायसराय के कार्यकाल में हुआ था ? 1

अ – लार्ड लिटन
ब – लार्ड कर्जन
स – लार्ड मिण्टो
द – लार्ड हार्डिंग

The partition of Bengal took place during the tenure of which Viceroy ?

A . Lard Lytton
B . Lord Curzon
C . Lard Minto
D . lard herding

Vii – महात्मा गॉधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआतत किस घटना से की ? 1

अ – चौरी –चौरा काण्ड
ब – असहयोग आन्दोलन
स – दाण्डी मार्च
द – भारत छोड़ो आन्दोलन

With Which event did mahatma Gandhi launch the Civil Disobedience Movement ?

A . Chauri Chaura Incident
B . Non – cooperation Movement
C . Dandi March
D. Quit India Movement

Viii – किस सुधारक ने सती प्रथा के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ? 1

अ – ईश्वर चन्द विद्यासागर
ब – राजा राम मोहन राय
स – ज्योतिबा फुले
द – स्वामी विवेकानन्द

Which reformer played a significant role in the abolition of the Sati system ?

A . Ishwar Chandra Vidyasagar
B . Raja Ram Mohan Roy
C . Jyotiba phule
D. Swami Vivekananda

**निर्देश :** प्रश्न संख्या –1 के अगले दो खण्डों में दो कथनों को अभिकथन **(A)** तथा कारण **(R)** के रुप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों **(i),(ii),** तथा **(iv)** में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction: In next parts of Question No,-1 there are two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R), From the following options (i),(ii),(iii), and (iv),select their correct answer.**

(i) A तथा R दोनो सही है, तथा R,A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनो सही है, परन्तु R,A की सही व्याख्या नही करता है।
Both A and R correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है,
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत है,
Both A and R are incorrect.

अभिकथन (A) तथा कारण (R) वाले प्रश्न

IX अभिकथन (A) : विजयनगर साम्रज्य ने तुगभद्रा नदी के तट पर अपनी राजधानी स्थापित की । 1

कारण (R) : तुंगभद्रा नदी द्वारा बनाया गया क्षेत्र शुष्क था और साम्राज्य को कृत्रिम सिंचाई की आवश्यकता थी।

Assertion (A) –The Vijayanagara Empire established its capital on the banks of the Tungabhadra River.

Reason –(R) The area farmed by the Tungabhadra river was arid , and the empire needed artificial irrigation.

X- अभिकथन (A) 1905 में बंगाल के विभाजन ने भारतीयों में राष्ट्रवाद की भावना को कम कर दिया। 1

कारण (R) विभाजन का मुख्य उदेश्य हिन्दु और मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों को अलग करके प्रशासनिक दक्षता लाना था

Assertion (A) –The partition of Begal in 1905 reduced the spirit of Nationalism among Indians.

Reason –(R) The main objective of the partition was to bring about administrative efficiency by reporting Hindu and Muslim majority areas.

प्रश्न 2 – हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष हुई थी ? 1

In Which Year was the Harappa Civilization discovered ?

प्रश्न 3 – किस शासक को भारत का नेपोलियन कहा जाता है ? 1

Which ruler is Known as the Napoleon of India ?

प्रश्न 4 – सॉची का स्तूप किस शासक ने बनवाया था ? 1

Which ruler built the Sanchi Stupa ?

प्रश्न 5 – किस शासक ने इब्नटतूता को दिल्ली का काजी नियुक्त किया ? 1

Which ruler appointed Ibnbattuta as the Qazi of Delhi ?

प्रश्न 6 – किस प्रमुख घटना ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी को केवल एक व्यापारिक शक्ति से राजनीतिक शक्ति में बदल दिया ? 1

Which Major event transformed the East India Company from purely a trading to a political power ?

प्रश्न 7 – सविनय अवज्ञा आन्दोलन को शुरु करने के लिए नमक को ही क्यों चुना गया ? 1

Why was salt specifically choosen to launch the Civil Disobedience Movement?

प्रश्न 8 – भक्ति आन्दोलन के उदय के दो प्रमुख कारण क्या थे ? 2

What were the two main reasons for the rise of the Bhakti Movement ?

प्रश्न 9 – अकबर की 'सुलह ए कुल' की नीति का क्या अर्थ था ? 2

What was the meaning of Akbar's ' Sulh-i-kul' ?

प्रश्न 10 – नरम दल और गरम दल के बीच वैचारिक मतभेद के दो मुख्य बिन्दु क्या थे ? 2

What were the two main points of ideological difference between the Moderates and the Extremists?

प्रश्न 11 – रालेट एक्ट 1919 क्या था और इसका विरोध क्यों किया गया ? 2

What was the Rowlett Act (1919) and why was it opposed ?

प्रश्न 12 – मगध साम्राज्य के उत्थान के लिए उत्तरदायी किन्ही तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए ? 3

Analyze any three reasons responsible for the rise of Magadha Empire ?

अथवा / or

मौर्य प्रशासन की किन्ही तीन मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

Highlight any there main features of the Mauryan administration.

प्रश्न 13 – महाभारत का इतिहासकार किस प्रकार विश्लेषण करते है ? 3

How do historians analyze the Mahabharata ?

प्रश्न 14 – हीनयान और महायान के बीच किन्ही तीन मुख्य अंतरों को स्पष्ट कीजिए ? 3

Explain any there main difference between the Hinayana and Mahayana ?

प्रश्न 15 – फ्रांस्वा बर्नियर ने मुगलकालीन शहरों की विशेषताओं का वर्णन किस प्रकार किया है ? 3

How does Francoise Bernier describe characteristics of Mughal –era cities ?

अथवा / or

अकबर की भू राजस्व व्यवस्था की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

Explain main features of Akbar land revenue system.

प्रश्न 16 – विजयनगर साम्राज्य के राय (शासक) और नायक (सैन्य प्रमुख)के बीच संबधों का वर्णन कीजिए ? 3

Describe relationships between the Rayas (Rulers) and the Nayakas (Military Chiefs ) of the Vijayanagara empire ?

प्रश्न 17 – सहायक संधि प्रणाली की मुख्य विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए ? 3

Analyze main features of the Subsidiary System. ?

अथवा / or

1857 के विद्रोह की विफलता के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

Explain reasons for the failure of the Revolt of 1857.

प्रश्न 18 – गॉधी जी के सत्याग्रह के मुख्य सिद्वान्तों का उल्लेख कीजिए ? 3

Mention main principles of Gandhi ji 's Satyagraha. ?

प्रश्न 19 –मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषतओं का वर्णन कीजिए।मेगस्थनीज ने मौर्य प्रशासन के बारे में क्या लिखा है ?

Describe the main features of the Mauryan administration. What did Megasthenes write about the Mauryan administration ? 5

अथवा / or

अशोक के धम्म की प्रकृति और महत्व का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the nature and significance of Asoka's Dhamma .

प्रश्न 20 –गुरु नानक देव की शिक्षाओं के मुख्य पहलुओं का वर्णन कीजिए । उनकी शिक्षाओं ने सिख धर्म के विकास में कैसे योगदान दिया? 5

Describe main aspects of the teachings of Guru Nanak dev. How did his teachings contribute to the development of Sikhism ?

प्रश्न 21 –कृष्ण देव राय के अधीन विजयनगर साम्राज्य की उपलब्धियों का वर्णन कीजिए? 5

Describe achievements of the Vijayanagara empire under Krishna Deva Raya. ?

प्रश्न 22 –महात्मा गॉधी के एक जननेता के रुप में उदय के कारणों का विश्लेषण कीजिए। भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में उनके प्रवेश का क्या प्रभाव पड़ा? 5

Analyze reasons for the emergence of Mahatma Gandhi as a mass leader. What was the impact of his entry into India's freedom struggle?

अथवा / or

तालुकदारों और किसानों पर स्थायी बन्दोबस्त के मुख्य प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze main effects of the permanent settlement on the Taluqdars and the peasants .

प्रश्न 23 –उद्‌देश्य संकल्प महत्व क्या था ? संविधान सभा के गठन में निहित मुख्य चुनौतियों का वर्णन कीजिए। 5

What was the significance of the objectives resolution? Describe main challenges Inherent in the formation of the constituent assembly.

प्रश्न 24 –उद्धरण आधारित प्रश्न –

इतिहासकारों का सुझाव है कि गोत्र के नाम पर लोगों का वर्गीकरण लगभग 1000 ईसा पूर्व से शुरु हुआ। विवाह के दो नियम विशेष रुप महत्वपूर्ण थे। पहला यह था कि विवाह के बाद महिलाओं से यह अपेक्षा की जाती थी की वे अपने पति के गोत्र को अपनाऍगी और अपने पिता के गोत्र को छोड़ देगी। दूसरा यह कि एक ही गोत्र के सदस्यों के बीच विवाह , जिसे संगोत्र विवाह कहा जाता है, अवांछनीय माना जाता था। इन नियमों ने कन्यादान के महत्व पर जोर दिया वह धार्मिक कर्तव्य जहॉ पिता अपनी पुत्री को विवाह में देता है, इस तरह के नियम कुलीन परिवारों में विशेष रुप से प्रभाव में थे, जबकि अन्य समुदायों मे इसका पालन नही किया जाता था।

Historians suggest that the classification of people by gotra began around 1000 BCE. Two marriage rules were particularly crucial . Firstly women were expected to give up their gotra after marriage and adopt that of their husband. Secondly, marriage between members of the same gotra ,known as sagotra marriage ,was considered undesirable. These rule emphasized the Importance of kanyadana the religious duty where a father gives his daughter in marriage. Such rule were especially influential among the elite families , While other communities did not necessarily adhere to them.

1- गोत्र के नाम पर वर्गीकरण की प्रथा कब शुरु हुई? 1

When did the practice of classification by gotra begin ?

2 –संगोत्र विवाह क्या था? 1

What was sagotra marriage?

3 –विवाह के ये नियम मुख्य रुप से किन परिवारों में प्रभावशाली थे ? 1

In which Families were the marriage rules primarily influential?

4 –प्राचीन समाज में महिलाओं की सामाजिक स्थिति कैसी थी ? 2

What was the social status of women in ancient society?

प्रश्न 25 –मानचित्र – 5

क– हड़प्पा सभ्यता का वह स्थल जहॉ से जुते हुए खेत का साक्ष्य मिला है–

The Harappa site where evidence of plowed fields has been found ?

ख– कलिंग का क्षेत्र

Area of Kalinga .

ग– आगरा

Agra

घ– वह स्थल जहॉ से 1857 ई0 की क्रान्ति की शुरुआत हुयी।

Which site the revolt of 1857 began .

ङ– कोलकता

Kolkata

**नोट – निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है।**

**Note: The following question in only for the blind candidates in lieu of above Question No. 25.**

भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जिनमें निम्न स्थान स्थित हैं–

क– हड़प्पा सभ्यता का वह स्थल जहाँ से जुते हुए खेत का साक्ष्य मिला है– 5

The Harappa site where evidence of plowed fields has been found ?

ख– अमरावती

Amaravati

ग– आगरा

Agra

घ– वह स्थल जहाँ से 1857 ई0 की क्रान्ति की शुरुआत हुयी।

Which site the revolt of 1857 began .

ङ– कलकत्ता

Calcutta .